हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 जिले के विकास को जनप्रतिनिधियों ने बताई पहली प्राथमिकता



**खबर संक्षेप**

### विज्ञान मेला में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**सेदम।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बनिया टिकरा संकुल मंगारी शाला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन रोचक, रंगारंग एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। विज्ञान मेला में बच्चों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित प्रायोगिक कार्य किए गए उसे विज्ञान मेले में बड़े ही रोचक एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने उत्साह एवं आनंद के साथ मेला में हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा 15 स्टॉल लगाए गए। बच्चों द्वारा रोचक ढंग से प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें सबसे अधिक आकर्षक एवं जिज्ञासा का केंद्र रहा। स्टॉल नंबर 6 जिसमें अंधविश्वास की पड़ताल कौतूहल का विषय रहा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मनाए गए विज्ञान मेले में समस्त शाला परिवार के सदस्य- प्रधान पाठक श्रीमती देवमती पैकरा, विज्ञान शिक्षिका लिली मॉरिस केरकट्टा, विनोद दास, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गंगेश्वर राम पैकरा, श्रीमती चिंतामणि मिंज सहित अन्य मौजूद रहे।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 2438 ने दी परीक्षा


**बलरामपुर।** जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के कुल 11 केन्द्रों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का संचालन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 2737 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2438 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर श्री आरएस लाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय भेलवाडीह परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, समयबद्ध संचालन एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक केंद्र में पर्यवेक्षकों एवं सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण और उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन में विशेष सतर्कता बरती गई, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष और व्यवस्थित रही।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम परमेश्वरपुर निवासी छोटू बेक आ. जयराम बेक (30 वर्ष) गत दिन बाइक से काम करने बैकुंठपुर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि का विवरण

**सलका अधिना।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केशव नगर में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। विकासखंड के 13221 धान बेचने वाले कृषकों के खाते में 60 करोड़ 91 लाख 5241 की राशि हस्तांतरण कृषकों के खाते में ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति सिंह ने कहा कि कृषकों को समन्वित कृषि को भी अपनाया जाना चाहिए ताकि वर्षभर आय के स्रोत बना रहे। जनपद उपाध्यक्ष मनमथ बछाड़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार कृषकों की हितैषी सरकार है और हर हमेशा सरकार कृषकों के हित में हमेशा निर्णय ले रही है।



रमज़ान मुबारक
बारहवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.05 बजे
कल की सेहरी - 4.54 बजे






रविवार को सूरजपुर में जिला संवाद कार्यक्रम में सवालों के जवाब देते सांसद चिंतामणि महाराज, भीमसेन गोयल, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह।संवाद कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासी।

## जिला संवाद में जन प्रतिनिधियों ने की चर्चा

# विकास की दौड़ में दूसरे जिलों से आगे होगा सूरजपुर

**सूरजपुर। सरगुजा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि सूरजपुर जिले में विकास की अभी कई संभावनाएं हैं और इसके लिए अथक प्रयास के साथ सभी को मिलकर काम करना होगा। यह जिला अभी नया है इसलिए सड़क,नाली,पानी बिजली के साथ ही शासकीय कर्मचारियों के सेटअप पर भी ध्यान देना होगा। हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद के मंच से प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सूरजपुर जिला विकास की दौड़ में दूसरे जिलों के बराबर होगा।**

### विकास सतत प्रक्रिया, सूरजपुर में कई संभावनाएं : चिंतामणि

सरगुजा क्षेत्र के सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और यह चलती रहती है। हर कोई हर किसी के काम से संतुष्ट नहीं हो सकता इसलिए हमारी कोशिश होती है कि हम लोक कल्याणकारी योजनाओं के आधार पर जनता तक पहुंचने की कोशिश करें। पिछले 2 सालों में राज्य की भाजपा सरकार ने इस तरफ पूरा ध्यान दिया है और यही कारण है कि पहले विधानसभा चुनाव फिर लोकसभा चुनाव और उसके बाद नगरीय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली है। मंच से उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने भी बेहतर काम किया था और अब 2 साल में साय सरकार अच्छा करने की कोशिश कर रही है। छत्तीसगढ़ के साथी सूरजपुर जिले को भी डबल इंजन सरकार होने का फायदा मिल रहा है। सरगुजा में केंद्रीय विद्यालय जल्द ही खुलने वाला है। सूरजपुर जिले को अभी विकास की नई उम्मीदों पर खरा उतरना होगा और इसके लिए शासन के साथ ही प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क के साथ ही नाली पानी बिजली सबसे मूलभूत सुविधाएं हैं और इन्हें हर जनता के लिए उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।

### किसानों के बारे में भ्रम फैला रही है कांग्रेस : भीमसेन

पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष और सरगुजा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन गोयल ने कहा कि कांग्रेसियों का काम हर मुद्दे पर जनता को गुमराह करना और भ्रम फैलाना रहा है। किसानों के मुद्दे पर भी कांग्रेसी यही कर रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीद रही है और समय पर भुगतान हो रहा है। अभी एक दिन पहले ही प्रदेश वर्ग किसानों के खाते में राशि डाली गई है। होली से पहले हुए इस भुगतान से किसान खुश है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम किया है। आवास, शौचालय, घरेलूगैस के साथ ही रोजमर्रा की हर उसे जरूर को पूरा किया जा रहा है जिससे गरीब और वंचित के साथ ही आम लोग खुशहाल जीवन जी सके। खास तौर पर गरीब और किसानों का ध्यान रखा जा रहा है। कौशल विकास की ट्रेनिंग देते हुए स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भाजपा की हमेशा सोच रही है कि सिर्फ सरकार नहीं बनाना है बल्कि इस सेवा के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि सूरजपुर जिला विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है हालांकि इसमें और अभी काम करने की जरूरत है। शासकीय कर्मचारियों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं और सेट अप स्वीकृत हो गया है। 5 साल जब कांग्रेस की सरकार थी तो इसमें बाधा पैदा करने की कोशिश की गई जिससे की रफ्तार धीमी हो गई थी।

### कांग्रेस सरकार ने 96 नई योजनाएं लागू कीः पारसनाथ राजवाड़े

भटगांव क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 5 साल के कार्यकाल में गरीब किसान और जनहित के कई काम किए। 96 योजनाएं लागू कर लोगों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया गया। इसमें शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रदेश भर में खोले गए। इससे गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को भी अंग्रेजी की अच्छी शिक्षा मिल सकी है। गोठान योजना भी लागू की गई जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे थे। खासतौर पर किसानों के लिए काम किया गया और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की खरीदी की गई।साथ ही चार अलग-अलग किस्तों में बोनस का भुगतान भी किया गया। हालांकि उन्होंने कांग्रेस सरकार के दौरान कोरोना आपदा को विकास की गति थमने का एक प्रमुख कारण बताया। श्री राजवाड़े ने कहा कि कोरोना के 2 साल में सब कुछ बंद हो गया था ऐसे में प्राथमिकता लोगों के स्वास्थ्य के साथ ही उनकी जान बचाने को लेकर थी। कांग्रेस सरकार ने इसमें पूरी गंभीरता बरती और हरसंभव मदद की गई। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि कई जनहित की योजनाएं जनता तक नहीं पहुंच सकी इसलिए कांग्रेस को हर का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सूरजपुर जिले में हमने किसान हित के लिए कई समितियां बनाई जिससे वह आसानी से ध्यान भेज सके और उन्हें भुगतान भी बहुत आसानी से प्राप्त हुआ। भाजपा के चुनावी जीत पर उन्होंने कहा कि अब किसानों के साथ प्रदेश की जनता को समझ आ गया है कि कांग्रेस ही लोगों के हित के लिए काम कर सकती है। बिजली का झटका रोजाना लोगों को मिल रहा है तो किसान अपनी धान बेचने के लिए लंबी कतार लगाने को मजबूर हैं।

### भाजपा सरकार ने किसानों की दुर्गति कर दीः प्रेम साय

कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रेम साय टेकाम ने 2023 के चुनाव में कांग्रेस की हार को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की संतुष्टि है कि हमने जनता के लिए काम किया क्योंकि जनता ने ही हमें चुना था। कांग्रेस सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य , किसान और आधारभूत सुविधाओं पर काम करने पर अधिक ध्यान दिया। हालांकि अफसोस इस बात का रहा कि इन कामों को जनता तक हम बेहतर तरीके से नहीं पहुंचा पाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो प्रदेश भर में किसानों की भाजपा ने दुर्गति कर दी है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार हर संभव कोशिश कर रही है कि किसान अपनी धान ना बेच सके और भाजपा को समर्थन मूल्य पर खरीदी ही ना करनी पड़े। प्रदेश भर में 2 लाख से अधिक किसान ऐसे रहे जो कि अपना ध्यान नहीं बेच सके हैं और लगातार इसकी शिकायत भी शासन और प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। सबसे पहले तो किसानों के टोकन काटने में परेशानी हुई, उससे पहले खाद बीज के लिए किसानों को परेशान होना पड़ा। उसके बाद एग्रीस्टेक के नाम पर किसानों का रकबा कम कर दिया गया। अब भुगतान में भी परेशानी हो रही है और किस भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि शक्कर कारखाना बंद पड़ा है क्योंकि किसान गन्ना की खेती करना ही नहीं चाहते। भाजपा की गलत नीतियों के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह कभी बीजेपी ज्वाइन नहीं करेंगे और कांग्रेस में रहकर ही संगठन को मजबूती देंगे। मंच से उन्होंने इस बात का भी दावा किया कि कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष है और वह कांग्रेस में आना चाहते हैं।

# शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही कानून व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता

जिले के कलेक्टर एसपी का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य के साथ ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से छुड़ाने नवजीवन के नाम से विशेष मुहिम चलाई गई जिसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी के सहयोग का आह्वान किया गया है। प्रशासन की नजर में दूरस्थ क्षेत्र प्राथमिकता है इसके साथ ही एथेनॉल का प्रोडक्शन करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन गलत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। हरिभूमि आईएनएच के जिला संवाद के मंच से आईएनएच के ब्यूरो हेड शैलेष पाण्डेय से चर्चा करते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि गलत करने वालों पर कार्रवाई होगी।




### मार्च से शुरू होगा केन्द्रीय विद्यालय : कलेक्टर

कलेक्टर एस जयवर्धने ने कहा कि हमारे जिले में खनिज संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, हमारे जनप्रतिनिधि में प्रदेश से विकास के काम लेकर आते है। क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। शासन की योजना के अनुसार डीएमएफ के तहत जो राशि मिलती है उसका सदुपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। एसईसीएल के सीएसआर मद से 2 प्रतिशत की राशि मिलनी होती है, हमारा प्रयास है कि राशि यहां के विकास में खर्च हो। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हमने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम क्या है और सूरजपुर जिला अस्पताल को कायाकल्प में प्रदेश में प्रथम पुरस्कार मिला। शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किए जा रहे है और केन्द्रीय विद्यालय मार्च से जिले में शुरू हो जाएगा। केन्द्रीय विद्यालय के भवन हेतु जमीन आबंटित कर दी गई है और वर्तमान में स्कूल के संचालन हेतु भी भवन उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धने ने कहा कि जिले में शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने का लक्ष्य है इसके साथ ही लाइवलीहुड मिशन के तहत मत्स्य पालन, कृषि, तिलहन को लेकर प्रयास किए जाएंगे।

### नशे के खिलाफ मिलकर करना है प्रयास : एसएसपी

सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने कहा कि शासन ने मुझपर भरोसा करके जिले में भेजा है तो अपना बेहतर प्रदर्शन करना मेरी भी जिम्मेदारी है। जो भी काम हमें दिया जाता है बिना पक्षपात के पूर्ण करने का प्रयास करते है। युवाओं ने नशे की लत बढ़ी है, युवा सूखा नशा, इंजेक्शन का उपयोग कर रहे है। हम कानून की धाराओं के तहत नशे का सामान बेचने वालों पर कार्रवाई तो कर रहे है लेकिन इसके नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही नशे की लत छुड़ाने के लिए नव जीवन अभियान चलाया गया है इसके तहत नशे का कारोबार करने वाले सप्लायरों को दूसरे राज्यों से पकड़कर लाने का काम किया है। हम इस अभियान से युवा वर्ग को जोड़ने का काम कर रहे है और नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को हमारे केंद्र में लाकर समझाने का प्रयास कर रहे है। यह एक ऐसी मुहिम है जो हमारे समाज के लिए आवश्यक है और सभी को इसके लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि यातायात जागरूकता के लिए हमारी ओर से अभियान चलाए जा रहे है और कार्रवाई करने से ज्यादा लोगों को समझाइश देकर नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# समस्याओं को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों से संवाद

**राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर हरिभूमि आईएनएच ने सूरजपुर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों ने विभिन्न विषयों पर संवाद किया तथा विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया।**




### नहीं हैं शौचालय की व्यवस्था

समाज सेवी श्रवण जैन ने चर्चा के दौरान कहा कि सूरजपुर जिला मुख्यालय में सार्वजनिक शौचालयों की कमी से बाहर से आने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। जिला मुख्यालय होने के नाते हर रोज बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पहुंचते हैं। शहर में मात्र एक-दो सार्वजनिक शौचालय बनाए गए है लेकिन उनका भी संचालन नहीं हो रहा है। मजबूरी में लोग इधर-उधर गंदगी फैलाते हैं। प्रशासन स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रहा है लेकिन सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा बढ़ाने की जरूरत है।

### शिक्षा में नैतिकता का अभाव

समाज सेवी केशव प्रसाद ने बताया कि शिक्षा में नैतिकता की भारी कमी है। आजादी के बाद हमारे देश में अंग्रेजों की मानसिकता की शिक्षा प्रणाली लागू की गई है। जिसमें शिक्षा ग्रहण करना ही हमारी व्यवसायिकता है। इस व्यवस्था में नैतिकता को महत्व नहीं दिया गया है। पाठ्यक्रमों में भी नैतिकता को शामिल नहीं किया गया है। हालांकि शासकीय एवं निजी शैक्षिक संस्थानों में एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाने से ऊंच-नीच की खाई पट रही है तथा भेदभाव खत्म हो रहा है।

### न्यायालयों में भेदभाव

अधिवक्ता राहुल तिवारी ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में भेदभाव बढ़ा है। प्रायः देखने में आता है कि प्रभावशाली लोग निर्णयों को प्रभावित करते हैं। राजस्व न्यायालयों में लम्बे समय से चल रहे कमजोर वर्ग के लोगों के प्रकरण में निर्णय नहीं हो पाते जबकि प्रभावशील लोगों के हस्तक्षेप से कई मामले आनन-फानन में निराकृत हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस थाने व पुलिस चौकियों में भी नियंत्रण की कमी होने पर संज्ञेय मामलों में भी दबंगों के हस्तक्षेप से अपराध दर्ज नहीं होते और जहां अपराध नहीं होता वहां मामला दर्ज हो जाता है।

### तकनीकी में मानवीय पक्ष की कमी

टैक्स बार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा ने बताया कि टेक्नालॉजी के विकास से सुविधाएं बढ़ी है लेकिन टेक्नालॉजी को मानवीय पक्ष की जानकारी नहीं है। सभी सॉफ्टवेयर एआई आधारित हैं तथा एआई मानवीय पक्ष को भूल गया है जिसके कारण कई तरह की विषमताएं पैदा हो रही है। एक व्यवसायी समय पर जीएसटी के संबंध जवाब नहीं दे सका तो उसके 13 करोड़ के टर्नओवर को आय मान लिया। इतनी बड़ी राशि का भुगतान उसके लिए बड़ी चुनौती बन गई है

# शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था सुधारने लगातार हो रही पहल

हरिभूमि आईएनएच द्वारा साधुराम सेवाकुंज में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाजपा एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने दो साल के कार्यकाल को उपलब्धियों वाला बताया वही कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सरकार के कार्यों की आलोचना की।

### पदस्थ किए जा रहे चिकित्सक

भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली सोनी ने बताया कि शासन द्वारा शालाओं का युक्तियुक्तकरण कर शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने का काम किया गया है। कई स्कूलों में दर्ज संख्या मात्र 2-3 बच्चों की थी। ऐसे स्कूलों को बंद कर दिया गया है तथा शिक्षकों को अन्यत्र पदस्थ किया गया है। शालाओं में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों में भी एमबीबीएस चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है। लगातार बाहर से डॉक्टर बुलाए जा रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सालयों में उनकी पदस्थापना की जा रही है।

### लगातार बन रही सड़कें एवं नालियां

नगर पालिका परिषद सूरजपुर की अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े ने बताया कि नगर विकास के लिए लगातार निर्माण कार्य कराएं जा रहे हैं। वर्तमान में नगरीय निकाय क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण के 14-15 कार्य चल रहे हैं। पूर्व में नपा परिषद में दो इंजीनियर थे जिससे निर्माण कार्यों की देखरेख में सहूलियत होती थी। वर्तमान में एक इंजीनियर होने के कारण निर्माण की गति प्रभावित हो रही है उन्होंने बताया कि कुछ क्षेत्रों में स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या 29-30 है। शिक्षा अधिकारी ने आगामी सत्र से इन क्षेत्रों में स्कूल खोलने का आश्वासन दिया है। स्कूल खुलने से बच्चों को पढ़ाई के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।




### घर-घर पहुंचा रहे योजनाओं को

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने बताया कि ग्राम पंचायतों के विकास के लिए लगातार पहल की जा रही है। हम सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को दिलाने की कोशिशें कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में पीएम आवास के निर्माण तेजी से हो रहे है। नगर पंचायत क्षेत्र में भी लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है तथा ग्रामीण इस योजना की सराहना कर रहे हैं। सिर्फ विपक्ष को रामजी से तकलीफ है।

### बिगड़ी है शिक्षा एवं स्वास्थ्य की स्थिति

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने बताया कि पिछले सालों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की स्थिति में काफी गिरावट आई है। सूरजपुर जिले में 300 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। प्राथमिक शालाओं में 60 बच्चों पर 3 की जगह 2 शिक्षक पदस्थ किए गए हैं जिससे शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हुई है। एक तरफ कुपोषण को दूर करने नए केन्द्र खोलने की बात हो रही है वहीं दूसरी तरफ दूरस्थ बिहारपुर का पोषण पुनर्वास केन्द्र पिछले तीन सालों से बंद होने के कारण जरूरतमंदों को सुविधा नहीं मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में चिकित्सक नहीं है वहीं कई अस्पतालों का भवन नहीं बन सका है।

## एक मंच पर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने किया संवाद

# जिले के विकास को जनप्रतिनिधियों ने बताई पहली प्राथमिकता

**सूरजपुर/बिश्रामपुर। हरिभूमि आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय के साधुराम सेवाकुंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते व कांग्रेस से ननि अंबिकापुर के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विन्ध्येश्वर शरण सिंहदेव से चर्चा की। इस दौरान विधायकों ने क्षेत्र के विकास को अपना प्रमुख एजेंडा बताया और सबका साथ सबका विकास के साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने की बात कही। वहीं कांग्रेस के नेता अपनी ही पार्टी से रुष्ट नजर आए। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अब पार्टी में सब ठीक है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए लेकिन जिले के विकास के लिए मिलकर काम करने की बात भी दोहराई।**



सत्ता एवं विपक्ष के नेताओं से चर्चा करते प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।

## अंतिम पंक्ति तक पहुंचा रहे काम : भूलन

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार जिले के विकास के लिए काम कर रही है। शासन की योजनाओं का लाभ जनता को पहुंचा सके इसके लिए प्रयास हो रहे है। इसके पहले भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जो काम नही किया वो हमने दो साल में पूरा करके दिखाया। कांग्रेस राज में एक भी पीएम आवास प्रदान नहीं किया गया और जबकि हमारी सरकार आते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई और सूरजपुर जिले में 70 प्रतिशत तक पीएम आवास का काम पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तहत काम करती है और जो भाजपा में जो अच्छा काम करता है पार्टी उसे महत्व देती है और हम गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाने का काम कर रहे है इसलिए जनता भी सरकार के साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 15 साल काम किया, बीच में 5 साल कांग्रेस को मौका मिला अब फिर से 20 वर्षों तक भाजपा की सरकार प्रदेश में रहेगी।

## भाजपा ने बंद कर दी हमारी योजनाएं: शफी

ननि अंबिकापुर के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अब हम विपक्ष में है तो हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए जो योजनाएं लागू की गई उन्हें इस सरकार ने बंद करने का काम किया। बेरोजगारी भत्ता, बिजली बिल हाफ जैसी योजना बंद हो गई। ये योजनाएं जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप ही बनाई जाती है ताकि लोगों को राहत मिल सके। प्रदेश में कांग्रेस की हार को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हारने के पीछे योजनाएं कारण नहीं थी, हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विश्वास नहीं जीत पाए इसलिए हार मिली लेकिन अब स्थिति अच्छी है और कार्यकर्ताओं का विश्वास जीतेंगे। जब हम एक परिवार में होते है तो थोड़ा बहुत खींचतान चलती रहती है, हमारे वरिष्ठ सब ठीक कर देंगे। शफी अहमद ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला लेकिन पहले जहां अस्पताल में 108 प्रकार की दवा मिलती थी वहां अब सिर्फ 20 प्रकार की दवाएं ही मिलती है। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों से एमबीबीएस डॉक्टर चले गए। अब स्थिति यह है कि 108 एम्बुलेंस 24 घंटे लेट से मिलने के कारण लोगों की मौत हो जाती है। पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह ने भी शिक्षा के लिए बेहतर काम किया। राजस्व के मामले लंबित पड़े हुए है जिनका निराकरण नहीं हो रहा और लोगों को वापस लौटना पड़ता ही। इस सरकार में 400 रुपए का यूरिया 12 सौ रुपए में मिला। सभी का प्रयास होना चाहिए की जनता को समस्याओं से राहत मिले और स्वास्थ्य से खिलवाड़ ना हो।

## विधानसभा क्षेत्र का विकास ही मुख्य एजेंडा : पोर्ते

विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुन्तला पोर्ते ने कहा कि पहले पीएम आवास के लिए राशि आहरित हो जाती थी लेकिन काम नहीं होते थे। हमार सरकार में राशि आहरित होने के बाद तेजी से काम हो रहे है। हमारा प्रमुख एजेंडा प्रतापपुर विधानसभा का विकास है। प्रतापपुर से बनारस जाने वाली चंदौरा मार्ग में 11 करोड़ रूपए की लागत से सड़क निर्माण हो रहा है। प्रतापपुर में भवनों की स्वीकृति, इनडोर स्टेडियम, ऑडिटोरियम का निर्माण हो रह है। एनिकट बनाए जा रहे है। चलगली से परसवार तक सड़क का काम होगा। कृषि महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र में 35 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है, सड़कों के निर्माण कार्य क्षेत्र में देखने को मिलेंगे। जनता को विकास चाहिए, हर गांव में विकास पहुंचना चाहिए यही एजेंडा लेकर हम काम कर रहे है। जबकि पूर्व की सरकार में प्रेमसाय सिंह स्कूल शिक्षा मंत्री थे लेकिन बालिकाओं के विद्यालयों में शौचालय तक का निर्माण नहीं कराया गया।

## जिले के विकास हेतु सभी मिलकर करे काम: विन्ध्येश्वर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विन्ध्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि जनता विश्वास करके आपको अपना मत देती है तो जनप्रतिनिधियों पर होता है कि वो उसका कितना मान रखते है। कांग्रेस की हार को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने प्रत्याशी बदल दिए लेकिन कांग्रेस में चेहरे नहीं बदलते और दूसरों को मौका नहीं मिलता है। श्री सिंहदेव ने कहा कि सरकार हमारे क्षेत्र से कोयला निकालकर ले जा रही है और पीछे बड़े बड़े गड्ढे छोड़े जा रहे है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए भी सरकार को काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो नेता चुनाव के बाद सदन में जाकर शपथ लेते है उनको जनता के लिए काम करना चाहिए लेकिन सभी सिर्फ जुमले ही देते है। इस बार किसान अपना धान बेचने से वंचित रह गए, किसानों का रकबा कट गया। आलम यह है कि एक सोसायटी के मैनेजर ने आत्महत्या कर ली क्यों कि किसानों के नाम पर लोन लिया गया और किसानों को पता नहीं चला। क्षेत्र में दो साल से मनरेगा के तहत काम मिलना बंद है गांव में पंच सरपंच परेशान है। उन्होंने कहा कि सूरजपुर जिले में सभी को मिलकर विकास के लिए काम करना चाहिए।



मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को किया गया सम्मानित।



समाज सेवी श्रवण जैन हुए सम्मानित।



कार्यक्रम में अधिवक्ता राहुल तिवारी का किया गया सम्मान ।



कार्यक्रम में शामिल हुए कर सलाहकार रामकृष्ण ओझा।



सांसद चिंतामणि महाराज को किया गया सम्मानित।



भाजपा नेता भीमसेन गोयल का हुआ सम्मान।



सम्मानित किए गए पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह।



पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े का हुआ सम्मान।



कलेक्टर एस. जयवर्धने को सम्मानित करते प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी।



एसएसपी प्रशांत ठाकुर को सम्मानित करते प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी।

***लखनपुर।** विकासखंड लखनपुर के जनपद सभा कक्ष में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कृषि उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह सह वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह रहीं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला पैंकरा, उपाध्यक्ष कामेन्द्र राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई

**शंकरगढ़।** होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशानुसार थाना प्रभारी जितेंद्र जयसवाल ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया।होली त्यौहार के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नशे में वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने एवं त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की की बात कही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि होली जैसे पर्व पर असामाजिक तत्वों एवं नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस सख्ती के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाने की पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के ( चौथा रविवार )
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार )
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 08 मार्च 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 मार्च, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज
• TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज
• लेजर रेडिओफ्रेंक्वेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज
• स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy)
• ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द
• साइटिका
• गर्दन का दर्द
• नसों का दर्द
• चेहरे पर करेंट जैसा दर्द
• या दांतों का दर्द
• कैंसर का दर्द
• घुटने या जोड़ों का दर्द
• अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया MBBS,MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन
डॉ. एम.के. तिवारी
(एम.एस., एम.सीएच - न्यूरोसर्जरी)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (ब्रेन व स्पाईन) रोग विशेषज्ञ
ट्रॉमा एवं न्यूरो इमरजेंसी हेतु 24×7 सेवाएँ उपलब्ध
सिटी क्लिनिक जे जे एच (जिला चिकित्सालयके सामने) में भी प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 07:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
ओ.पी.डी.में निःशुल्क परामर्श
दिनांक 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक
जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड के पास, दर्रीपारा, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 09 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे सामाजिक सुधार के लिए काम

# उल्लेखनीय योगदान करने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरिभूमि आईएनएच द्वारा शनिवार को सरगवां पैलेस द रिसॉर्ट में आयोजित संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों, भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

**खास बात**

- संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार के दो साल की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि आइएनएच द्वारा रविवार को सूरजपुर स्थित साधुराम सेवा केन्द्र में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट में आयोजित संवाद कार्यक्रम में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी ने सांसद चिंतामणि महाराज, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, महापौर मंजूषा भगत, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व महापौर डॉ.अजय तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वतेन्द्र मिश्रा, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता, कलेक्टर अजीत बसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, साहित्यकार डा.पुष्पा सिंह, प्रकाश कश्यप, एमआरएम हॉस्पिटल के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा, महावीर हॉस्पिटल के डा.सुधांशु किरण, एसआरएस हॉस्पिटल के संचालक हर्षप्रीत सिंह टुटेजा, श्योर स्माईल डेंटल हॉस्पिटल के संचालक अनुज दुबे, समाजसेवी दिनेश पाण्डेय, प्रणेश तिवारी एवं अभय साहू को साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी तरह सूरजपुर स्थित साधुराम सेवाकेंद्र में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी ने सांसद चिंतामणि महाराज, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े, भाजपा कार्यसमिति सदस्य भीमसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली सोनी, शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विंध्येश्वर शरण सिंहदेव, नपा अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, पूर्व जिपं अध्यक्ष नरेश राजवाड़े, समाजसेवी एवं साधुराम सेवा कुंज के संचालक राहुल अग्रवाल, कृषक संजय गुप्ता, रजनीश गर्ग, कार्तिक गुप्ता, वीएम कॉलेज के संचालक विजय राज अग्रवाल एवं सत्य नारायण जायसवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान हरिभूमि बिलासपुर के यूनिट हेड प्रियंक सिंह परिहार, आईएनएच के ब्यूरो हेड शैलेश पाण्डेय, सरगुजा जिला कार्यालय के अरूण कुमार सिंह, अजय नारायण पाण्डेय, शिव प्रताप बारी, नदीम अंसारी, कोरिया जिला कार्यालय के प्रवींद सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अजय ठाकुर, आईएनएच के संतोष कश्यप, कृष्ण मोहन, हरिभूमि प्रतिनिधि सदानंद जायसवाल, बसंत यादव, परमान राजवाड़े, राधेश्याम जायसवाल, गगनदीप सिंह बग्गा, अनवर खान, अशोक जायसवाल, शमीम खान, राकेश पाण्डेय, शरदचंद द्विवेदी, मिथिलेश जायसवाल उपस्थित थे।


प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रहलाद गोयल।


पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को सम्मानित करते अतिथि।


कृषि मंत्री रामविचार नेताम को किया गया सम्मानित।


पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल का हुआ सम्मान।


कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर अजीत बंसत।


एसएसपी राजेश अग्रवाल को किया गया सम्मानित।


हर्षपृत सिंह टुटेजा का हुआ सम्मान।


साहित्यकार प्रकाश कश्यप कार्यक्रम में हुए शामिल।


समाज सेवी सत्यनारायण जायसवाल को सम्मानित करते अतिथि।


डॉ. प्रशांत शर्मा को किया गया सम्मानित।


विधायक भूलन सिंह मरावी हुए कार्यक्रम में शामिल।


सम्मानित हुईं विधायक सकुंतला पोर्ते।


ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद का हुआ सम्मान।


वरिष्ठ कांग्रेस नेता विन्ध्येश्वर प्रताप सिंहदेव हुए कार्यक्रम में शामिल।


जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी पैकरा भी हुई सम्मानित।


नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुशुमलता राजवाड़े को स्मृति चिन्ह भेंट।


पूर्व जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े का हुआ सम्मान।


स्मृति चिन्ह के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े।


भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली सोनी को किया गया सम्मानित।


समाज सेवक को सम्मानित करते अतिथि।


समाज सेवी विजय राज अग्रवाल भी हुए कार्यक्रम में शामिल।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : नेताम

**बलरामपुर**। जिले के विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत महादेवपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। सम्मेलन में लगभग 3 हजार की संख्या में पण्डो समाज के जन शामिल हुए जिसमें जिले के साथ आसपास के विभिन्न जिलों से भी पण्डो समाज के पदाधिकारीगण, आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। मंत्री श्री नेताम ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पण्डो समाज के लोगों के साथ केक काटकर खुशियां साझा की। समाज के सभी वर्ग बच्चों , युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने ग्राम पंचायत महादेवपुर में कुल 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें 25 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण तथा 25 लाख रुपये की लागत से पण्डो समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है। वहीं उन्होंने सामुदायिक भवन में समतलीकरण के लिए 5 लाख की घोषणा भी की। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पण्डो समाज जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है।

- सम्मेलन में शामिल हुए कृषि मंत्री, विकास कार्यों का किया शिलान्यास



समाज के युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार और कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वर्ष 2026-27 के बजट में क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि विशुनपुरा से बैकुंठपुर तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। डिंडो, रामचंद्रपुर और रामानुजगंज में पण्डो छात्रावास भी बजट में शामिल है। रामचंद्रपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बजट में शामिल है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा नेताम सहित अन्य शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### भद्रा के कारण 4 को खेली जाएगी होली, 3 को लगेगा चंद्रग्रहण

**बिश्रामपुर।** होली पर्व से ठीक पहले लगने वाले चंद्रग्रहण और भद्रा के कारण इस वर्ष त्योहार की तिथियों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। श्री



संकट मोचन हनुमान मंदिर के आचार्य पंडित बाल किशुन गर्ग ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की है। आचार्य श्री गर्ग के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि 2 बजे से 4 बजे भोर के बीच करना श्रेष्ठ रहेगा वहीं 3 मार्च मंगलवार को सायं 6 बजे से 6.47 बजे तक खंडग्रास चंद्रग्रहण रहेगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल 3 मार्च को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6.47 बजे ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को ग्रस्तोदित खंडग्रास चंद्रग्रहण लगेगा। धर्मशास्त्र के अनुसार 3 मार्च को चंद्रोदय सायं 5 बजकर 59 मिनट पर होगा तथा 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण का मोक्ष होगा। इस दौरान पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि का संयोग रहेगा। धर्मशास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल में भोजन और जलपान निषेध माना गया है। हालांकि यह नियम बालक, वृद्ध एवं रोगियों पर लागू नहीं होता। ग्रहण के समय प्रभु स्मरण, जप-तप, दान, श्राद्ध एवं धार्मिक कृत्य करना शुभ माना गया है। आचार्य ने बताया कि ग्रहण काल में किया गया मंत्र-जप करोड़ों गुना फलदायी होता है। आचार्य श्री गर्ग ने बताया कि 3 मार्च को प्रातः 5.18 से सायं 4.56 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा। भद्रा के कारण 3 मार्च को होली खेलना शुभ नहीं है इसलिए रंगोत्सव 4 मार्च को मनाना उचित रहेगा।

### फरवरी माह के अंतिम दिन दस कोल कामगार हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खदानों में कार्यरत दस कोल कर्मचारी शनिवार 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए,इस अवसर पर संबंधित इकाइयों में विदाई समारोह आयोजित कर प्रबंधन एवं सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी,सेवानिवृत्त होने वालों में अमेरा ओपन कास्ट खदान से कैलाश नाथ सिंह, गायत्री खदान से बृजमोहन लाल, पटवारी केतकी खदान से सत्यदेव सिंह, कुमदा सब एरिया से हरिलाल, बिश्रामपुर ओसी से परेश बरन सिन्हा तथा बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से रामजतन, केशव प्रसाद और जगदीश प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं,सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया,साथ ही समस्त देयकों का स्वीकृति पत्र, मेडिकल कार्ड एवं कंपनी की ओर से उपहार प्रदान कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गई,गौरतलब है कि एसईसीएल में प्रतिमाह बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं,कोयला खनन कार्य में बढ़ते मशीनीकरण और निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी के चलते मानव संसाधन की आवश्यकता में कमी आई है,सीआईएल प्रबंधन द्वारा भी सीमित संख्या में भर्ती किए जाने से कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है,जानकारी के अनुसार, बिश्रामपुर क्षेत्र में कभी आठ हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे, जो अब घटकर लगभग 2200 से भी नीचे रह गए हैं,लगातार सेवानिवृत्ति और कर्मचारियों के परिवार सहित अन्य शहरों की ओर पलायन से स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,कई व्यवसायी भी रोजी-रोटी की तलाश में रायपुर,बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख कर पलायन कर चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोयला उत्खनन के बाद खाली पड़ी हजारों एकड़ भूमि को समतल कर वहां बड़े उद्योग स्थापित किए जाएं, ताकि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हों और पलायन पर रोक लग सके।


### 37 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए अशोक कुमार, दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 में सहायक ग्रेड 2के रूप में कार्यरत अशोक कुमार सोनी अपनी सेवा से निवृत्त हो गए उनके सेवानिवृत्ति के



अवसर पर विभाग द्वारा एक समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस अवसर पर अशोक कुमार सोनी को उनके लंबे और समर्पित सेवा के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। विभाग के एसडीओ डीआर ढीढी ने उनके साथ काम किये गए अनुभव को साझा किय। विभाग के कार्यपालन अभियंता एपी निरंजन ने कहा कि अशोक सोनी न सिर्फ बेहतर कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बनाई बल्कि वे एक अच्छे व्यक्तित्व के भी धनी थे। अशोक कुमार सोनी ने अपने सेवा काल में जल संसाधन संभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी सेवाओं से विभाग को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के अंत में अशोक कुमार सोनी ने अपने भावुक शब्दों मे सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा विभाग के साथ जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव को साझा करने के लिए तैयार रहेंगे। इस दौरान एसडीओ वीआर साहू, एसडीओ एके आर्मो, सब इंजीनियर आदित्य साहू, सलमान समेत विभाग के स्टाफ मौजूद थे।

## निधन



### रियाजउद्दीन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत जयनगर के पूर्व उप सरपंच व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो. रियाजउद्दीन का शनिवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया, वे 82 वर्ष के थे जो कि लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे,जयनगर कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। वे अपने पीछे पत्नी व पुत्र पुत्रियों से भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

## विभिन्न वेरायटी की पिचकारियां दुकान में उपलब्ध

# होलिका दहन आज, रंग गुलाल से सजा बाजार, बच्चों को भा रहे कार्टून-मुखौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली त्यौहार को एक दिन शेष है वहीं होलिका दहन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। सोमवार को शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया जाएगा। इधर अब शहर में होली का बाजार सज गया है। बाजार में मुखोटे, नकली बाल, मूंछ के साथ कई रंग के अबीर-गुलाल और रंग-बिरंगी पिचकारियां आ गई है। इस बार बाजार में बच्चों को लुभाने कई तरह की पिचकारी भी आई है। गन पिचकारी की भी बाजार में धूम मची हुई है। अभी खरीदारी करने ग्राहक कम आ रहे है वहीं दुकानदार होली के एक दिन पहले बेहतर बिकवाली की उम्मीद लगाए बैठे है। शहर में होलिका दहन से लेकर परंपरागत तैयारी चल रही है। हालांकि इस बार पिचकारी और रंगों के दाम में 10 से 20 फीसद तक दाम बढ़ गए हैं।

**खास बात**

- रंग गुलाल व पिचकारी में 10 से 20 फीसद बढ़े दाम

शहर के घड़ी चौक, देवीगंज रोड, स्कूल रोड, सदर रोड सहित गली-मोहल्लों में छोटी-बड़ी दुकानें लग चुकी हैं। थोक कारोबारियों ने भी भरपूर स्टाक मंगाया है। इस बार अच्छी ग्राहकी की उम्मीद में व्यापारियों ने सामान लाया हैं। हर्बल गुलाल सहित पिचकारियों के दाम भी 10 से 20 फीसद तक बढ़ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बाजार में भी रौनक है। पिछले साल को छोड़ दे तो होली के 15 से 20 दिन पहले ही ग्राहकी प्रारंभ हो जाती थी,इस साल भी अब बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। बाजार में इस वर्ष पिचकारी की विभिन्न वैरायटी दुकान संचालकों द्वारा मंगाई गई है। जिसमे छोटा भीम, एयर पिस्टल सहित अन्य पिचकारी बच्चों को खुब भा रही है। इसके अलावा छोटे व बड़ों के लिए विभिन्न वैरायटी के स्पाइडर मैन, शैतान सहित अन्य मास्क भी बाजार में आए है। मुखौटा 10 रुपए से लेकर 250 सौ रूपए जबकि पिचकारी 20 रुपये से लेकर 7 सौ रुपये से अधिक कीमत के उपलब्ध है। युवाओं होली के दिन अपनी अलग पहचान बनाने के लिए मुखौटा के साथ साधु संत व अन्डर टेकर वाले बीक को काफी पसंद कर रहे है। दुकान संचालकों ने बताया कि इस वर्ष रंग-गुलाल, अबीर, पिचकारी व मुखौटा की कीमत में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



होली के लिए रंग, गुलाल व मुखौटों से सजी दुकान।

**बेहतर व्यापार की उम्मीद**

व्यवसायियों का कहना है कि इस बार बेहतर व्यापार की उम्मीद है। होली के परंपरागत रंगों के अलावा बच्चों के लिए कई वेरायटी की पिचकारियां भी आ गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन के साथ उत्पादन खर्च बढ़ने से सामानों के दाम में भी थोड़ी वृद्धि हुई है। हर क्षेत्र में महंगाई है, इसका असर होली बाजार में भी थोड़ा रहेगा लेकिन बेहतर बिकवाली की उम्मीद है। लोगों में खासा उत्साह है।

**रिएक्शन होने पर कराएं जांच**

चिकित्सकों का कहना है कि जितना हो सके लोगों को सुखी होली खेलने चाहिए और केमिकल रंगों से बचना चाहिए। ब्रांडेड गुलाल का इस्तेमाल करना चाहिए। गुलाल इस तरह से लगाएं कि वह आंख व मुंह में न जाए। इससे कई लोगों को परेशानी सामने आती है। जितना हो सके रंगों से परहेज करें। गुलाल लगाने के बाद अगर किसी प्रकार का रिएक्शन होता है तो तत्काल चर्म रोग स्पेशलिस्ट से संपर्क करें ताकि जो भी रिएक्शन हुआ है वह और ज्यादा न बढ़े।

## लटोरी में अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई 5 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और गिट्टी–मुरूम के बेधड़क परिवहन की शिकायतों से घिरे लटोरी क्षेत्र में रविवार को खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच वाहनों को जब्त किया है,इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बिना रॉयल्टी और वैध दस्तावेजों के रेत,गिट्टी और मुरूम का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा था,स्थानीय ग्रामीणों की शिकायतों और विभागीय निगरानी के बाद रविवार को खनिज विभाग सूरजपुर की टीम ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की,खनिज अमले ने लटोरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों और संभावित रूटों पर घेराबंदी कर तीन हाइवा मुरूम से भरे,एक हाइवा गिट्टी लोड तथा एक मिनी ट्रक रेत से भरा वाहन पकड़ा,ज्ञात हो कि खनिज विभाग द्वारा यहां पर हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3417,हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3418,हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3421, हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीए 1671,मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 29 एएच 7107 को जब्त कर लटोरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है, सूत्रों के अनुसार लटोरी समेत जयनगर कांसापारा, राजापुर, सोहागपुर रामनगर, कुरूवां, हर्राटिकरा और आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनिज परिवहन से शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। कई बार रात के अंधेरे में और कभी मुख्य सड़कों से दिनदहाड़े खनिज सामग्री का परिवहन किया जा रहा है।खनिज विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है,बिना वैध दस्तावेज के खनिज सामग्री का परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।लगातार हो रही कार्यवाही के दौरान कई वाहन चालकों ने अपने रूट बदल लिए, तो कुछ ने परिवहन कार्य को अस्थायी रूप से रोक देने की खबर है।

## शराब बिक्री कर रही महिला गई जेल

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया। आबकारी टीम ने महिला के पास से 13 लीटर शराब जब्त किया। महिला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मठपारा में निवासी दुर्गावती पति देवराज साहू (45 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने महिला के घर के दबिश देकर उसके पास से 13 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), एवं 59क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से महिला को जेल भेज दिया गया है।

## होली व रमजान पर्व के मद्देनजर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार को बिश्रामपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा ने की। इस दौरान तहसीलदार लटोरी सुरेन्द्र पैकरा भी उपस्थित रहे।

- आपातकाल स्थिति में एम्बुलेंस और चिकित्सा दल को तैयार रखने पर किया गया फोकस

थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने सभी उपस्थित जनों से होली और रमजान का पर्व आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों से होली के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रखने, चिकित्सकों की विशेष ड्यूटी लगाने तथा एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया।साथ ही नदी-नालों, स्टॉप डेम व एनीकेट में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में गोताखोरों की टीम ऑन कॉल उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया। बैठक में नशे की हालत में वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठाने तथा किसी को जबरन रंग न लगाने पर सहमति बनी। सभी चेकिंग प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात करने का निर्णय भी लिया गया।वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी ने तेज साउंड में डीजे नहीं बजाने की अपील की गई।बैठक में एएसआई विशाल मिश्रा, गुड्डू कुशवाहा, प्रधान आरक्षक निर्मल सिंह, दीपक चौधरी, आरक्षक अखिलेश्वर पांडेय, अजय राव सहित थाना स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नशे में वाहन चलाया तो होगी कार्रवाई जबरदस्ती रंग और डीजे पर भी रोक

**सोनगरा।** होली पर्व को लेकर भटगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। बैठक में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी पर भी जबरदस्ती रंग न डाले,त्योहार की आड़ में हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करता पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार शिवनारायण राठिया, नपं सीएमओ राजेश कुशवाहा,शरद चन्द्र द्विवेदी, जेपी गुप्ता, मोहन प्रताप सिंह, सुजीत मिश्रा, शशि रंजन सिंह, पप्पू मिश्रा, खुलेश्वर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



## बिजनेस साइट

## अंबिकापुर में इंडियन कॉफी हाउस की नई शाखा का शुभारंभ

**अंबिकापुर।** शहर के विश्वनाथ टावर चौपाटिया में 1 मार्च को इंडियन कॉफी हाउस एवं रेस्टोरेंट की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। 1958 से अपनी उत्कृष्ट सेवा और विशिष्ट स्वाद के लिए प्रसिद्ध इंडियन कॉफी हाउस के अंबिकापुर आगमन से शहरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चिन्तामणी महाराज ने प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शुभारंभ समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने रेस्टोरेंट का अवलोकन किया तथा इंडियन कॉफी हाउस के पारंपरिक स्वाद और सेवा भाव की सराहना की। इंडियन कॉफी हाउस प्रबंधन ने बताया कि अंबिकापुर में यह शाखा शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ वातावरण और किफायती दरों पर बेहतरीन सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। अब इस क्षेत्र के लोग भी, खुशबूदार कॉफी और स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय और चायनीस व्यंजन का आनंद ले सकते हैं। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओके राजगोपालन ने कहा कि उन्हें अंबिकापुर में इस शाखा को खोलने के लिए बहुत गर्व है। उन्होंने सोसायटी का एक संक्षिप्त परिचय भी दिया। 1958 में स्थापित इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, जबलपुर, से 16 सदस्यों और जबलपुर में नाममात्र पूंजी और एक शाखा के साथ जबलपुर में शुरू हुई।

### मोबाइल दुकान में सेंधमारी के मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** बस स्टैंड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में श्रीराम मोबाइल में दो दिवस पूर्व हुए सेंधमारी कर नए पुराने लगभग 28-30 नग मोबाइल चोरी होने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने दुकान संचालक अमित कुमार सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305(ए )का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है,घटना शुक्रवार की मध्यरात्रि की बताई गई है जिसमें दुकान के पिछले हिस्से में अज्ञात आरोपी ने सेंध मारी की घटना को अंजाम देकर दुकान के भीतर रखे पौने 3 लाख कीमत के नए पुराने मोबाइल सेट को पार कर दिया।घटना की जानकारी शनिवार प्रातः लगी जब दुकान संचालक अमित कुमार सिंह दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान के पिछले हिस्से में सेंधमारी कर चोरों ने बड़ी संख्या में नए पुराने मोबाइल चोरी कर लिया है,बता दें कि दुकान का पिछला हिस्सा एसईसीएल कॉलोनी के क्वार्टर से लगा हूआ है,क्वार्टर का पिछला हिस्सा होने सुनसान होने के कारण उधर चहल पहल नहीं होने से रात्रि में चोरों को आसानी होती है,अभी कुछ दिनों पहले इसी दुकान के समीप ज्वेलरी शॉप में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेजों की जांच कर घटना में शामिल चोरों के धरपकड़ में जुटी है।

## करंट की चपेट में आने युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

युवक अपने बाड़ी में लगाए गए लहसुन की सुरक्षा के लिए घेरे के तरंगित तार की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार महेशपुर निवासी गणेश प्रसाद राजवाड़े जो कि अपने बाड़ी में लहसुन की खेती किया था और वहीं पर हैंडपंप भी है हैंड पंप की पानी से ही अपने लहसुन की सिंचाई करता था। घेरावा नहीं होने के कारण गणेश प्रसाद राजवाड़े ने तरंगित तार से अपने लहसुन की घेराव किया था जिसमें झटका मशीन न लगाकर सीधे विद्युत सप्लाई तार के फेस में जोड़ते हुए अर्थिंग जमीन पर दे दिया था जिसकी किसी को जानकारी नहीं था। गांव के ही निवासी नर्मदा प्रसाद राजवाड़े आ. खुटूर राजवाड़े (30 वर्ष) हर रोज की तरह हैंडपंप में बीती रात 12 बजे हाथ पैर धोने गया था। बाल्टी में पानी लेकर मुंह धो ही रहा था कि उसका शरीर तरंगित तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रेमनगर के प्रभारी विराट बीसी एवं स्टाफ द्वारा जांच की जा रही है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों ने किया कोरिया का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों को कोरिया जिला में शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कर उनके ज्ञान एवं दृष्टिकोण का विस्तार करना था।



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने झुमका बांध का अवलोकन कर जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझा। कृषि विज्ञान केंद्र में आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं जैविक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की। इंदिरा पार्क एवं शिव पार्क में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व को समझा। कोरिया पैलेस का भ्रमण कर क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में सम्पन्न इस शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में उत्साह, जिज्ञासा एवं नई सीख प्राप्त करने की प्रेरणा जागृत हुई। विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया।

